डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज हिन्दी दैनिक

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,मंगलवार.15 नवंबर,2022 वर्ष–07 / अंक–185 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

## बाली रवाना हुए PM नरेंद्र मोदी कहा- भारतीय समुदाय को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी–20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आज इंडोनेशिया के बाली रवाना हो गए। पीएम मोदी 14 से 16 नवंबर तक बाली में रहेंगे। जी–20 शिखर सम्मेलन 15–16 नवंबर को है। करीब 45 घंटे के अपने प्रवास के दौरान पीएम मोदी 20 कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। दुनिया के दिग्गज 20 देशों के समूह जी–20 के प्रमुखों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री इसमें हिस्सा लेने वाले 10 देशों के प्रमुखों से द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। इसमें बहुपक्षीय व द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी।

जी–20 संगठन का अगला अध्यक्ष भारत

जी–20 संगठन का अगला अध्यक्ष भारत है और इसकी अगली बैठक सितंबर, 2023 में नई दिल्ली में ही होने वाली है। इस नजरिए से भी पीएम मोदी का दौरा अहम माना जा रहा है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बताया कि शिखर सम्मेलन तीन सत्रों में होगा और पीएम मोदी इन तीनों सत्रों में दूसरे वैश्विक नेताओं के साथ हिस्सा लेंगे। यह पूछे जाने पर कि पीएम मोदी की मुलाकात किन वैश्विक नेताओं से होगी, इसके जबाव में क्वात्रा ने बताया कि इस बारे में संबंधित देशों के साथ बातचीत की जा रही है और कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इन मुद्दों पर होगी चर्चा

बाली शिखर सम्मेलन के दौरान, पीएम मोदी और अन्य जी–20 नेता वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, पर्यावरण, कृषि, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन समेत कई मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे। क्वात्रा ने बताया, शिखर सम्मेलन के दौरान तीन वर्किंग सेशन होंगे, जिसमें प्रधानमंत्री प्रतिभाग करेंगे। इनमें खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन और स्वास्थ्य जैसे मुद्दे शामिल हैं। वहीं इंडोनेशिया में भारतीय राजदूत मनोज कुमार भारती ने कहा, भले ही प्रधानमंत्री मोदी का इंडोनेशिया का यह दौरा बहुत छोटा हो, लेकिन रणनीतिक रूप से यह दौरा बहुत ही महत्वपूर्ण रहने वाला है।

भारत, इंडोनेशिया और ब्राजील की तिकड़ी

विदेश सचिव ने बताया कि भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी–20 सम्मेलन के लिए भारत, इंडोनेशिया और ब्राजील ने नेतृत्वकर्ता तिकड़ी का गठन किया है। उन्होंने कहा, जी–20 के इतिहास में पहली बार तीन विकासशील और उभरती वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आई हैं। 85 फीसदी जीडीपी जी–20 में रू वर्तमान वैश्विक आर्थिक सहयोग के लिहाज से जी–20 का महत्वपूर्ण स्थान है और अर्थव्यवस्था और विकास के बड़े अंतरराष्ट्रीय मामलों को आकार और मजबूती देने में यह अहम भूमिका निभाता है। दुनिया की 85 फीसदी जीडीपी जी–20 के सदस्य देशों में है, जबकि दुनिया का 75 फीसदी व्यापार और करीब 66 फीसदी आबादी यहां रहती है। एजेंसी

पीएम मोदी और ब्रिटिश पीएम सुनक की होगी मुलाकात

जी–20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक के साथ मुलाकात हो सकती है। पिछले महीने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने के बाद ऋषि सुनक की मोदी के साथ पहली बैठक होगी। बाली के लिए रवाना होने से पहले सुनक ने एक बयान में कहा कि व्लादिमिर पुतिन के युद्ध ने दुनियाभर में तबाही मचाई है और जीवन को नष्ट किया है। अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को उथल–पुथल में डाल दिया है।

भारतीय समुदाय को संबोधित करने के लिए उत्सुकरू पीएम मोदी

जी20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए इंडोनेशिया के लिए रवानगी से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि मैं 15 नवंबर को एक स्वागत समारोह में बाली में भारतीय समुदाय को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, बाली शिखर सम्मेलन के दौरान, मैं वैश्विक मुद्दों, जैसे वैश्विक विकास, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन पर ळ20 नेताओं के साथ व्यापक चर्चा करूंगा। उन्होंने बताया, इस सम्मेलन से इतर, मैं अन्य देशों के नेताओं से मिलूंगा और उनके साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करूंगा। उन्होंने बताया, हमारे देश के लिए यह महत्वपूर्ण है कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो बाली शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में भारत को ळ20 की अध्यक्षता सौंपेंगे। भारत एक दिसंबर से आधिकारिक तौर पर ळ20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा।

## कांग्रेस की इस चाल से कांग्रेसी भी रह गए हैरान राहुल गांधी को लेकर यह फैसला बना अहम

हिमाचल प्रदेश और गुजरात के महत्वपूर्ण चुनावों मे हर और चर्चा रही कि राहुल गांधी को दोनों राज्यों में जमकर प्रचार करना चाहिए । लेकिन राहुल गांधी तो हिमाचल प्रदेश के चुनाव में एक दिन गए तक नहीं। गुजरात के चुनाव में कुछ कार्यक्रम प्रस्तावित है लेकिन उनकी तारीख तय नहीं है। सियासी गलियारों में चर्चा इस बात की हो रही है कि राहुल की भारत जोड़ो यात्रा किस काम की जब वह खुद चुनावों में प्रचार करने नहीं पहुंच पा रहे हैं। लेकिन हकीकत यह है भारत जोड़ो यात्रा की रणनीति बनाने वालों ने ऐसा ताना–बाना बुना कि विपक्षी तो विपक्षी कांग्रेस पार्टी के बड़े–बड़े नेता तक चकरा गए। भारत जोड़ो यात्रा की रणनीति बनाने वालों में शामिल एक प्रमुख कांग्रेस के नेता कहते हैं कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर जो रणनीति बनाई गई थी वह चुनावों के लिहाज से बिल्कुल सटीक बैठ रही है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का मकसद विधानसभा चुनाव नहीं कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े हुए एक वरिष्ठ कांग्रेस के नेता कहते हैं कि उनका मकसद विधानसभा के चुनाव तो थे ही नहीं। हालांकि उनका कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा चुनावी यात्रा नहीं है। लेकिन सियासी जानकारों का कहना है कि कोई भी राजनीतिक यात्रा बगैर चुनाव या राजनैतिक मकसद के नहीं होती है। हालांकि कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जो यात्रा चल रही है उसका टारगेट राज्यों के विधानसभा चुनाव नहीं बल्कि लोकसभा के चुनाव तक पूरी हवा बनाने की है। राजनैतिक विश्लेषक और एसएस ओझा कहते हैं कि राहुल गांधी के चुनावी राज्यों में ना जाना यह बिल्कुल कम जाना राजनीतिक लिहाज से कांग्रेस की एक बहुत सधी हुई रणनीति मानी जा सकती है। हालांकि ओझा का कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा की पूरी रणनीति बनाने वालों की क्या योजना रही होगी यह तो वही जाने। लेकिन राहुल गांधी का चुनाव प्रचार के लिए ना पहुंचना न सिर्फ कांग्रेस बल्कि व्यक्तिगत तौर पर राहुल गांधी के लिए फिलहाल एक पॉजिटिव नैरेटिव सेट करने जैसी स्थिति में है।तब राहुल पर खड़े होते सवाल कांग्रेस पार्टी से ही जुड़े एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि अगर राहुल गांधी चुनाव में जाते और उसके परिणाम सकारात्मक नहीं आते तो राहुल गांधी के ऊपर सवाल खड़े होने लगते हैं। यही नहीं पूरा विपक्ष मिलकर राहुल गांधी और उनकी पूरी यात्रा को फेल कराने के मकसद से जुड़ जाता। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ऐसा नहीं है पार्टी की स्थिति के बारे में पार्टी आलाकमान को जानकारी नहीं है। यही वजह है कि राहुल गांधी का पूरा फोकस भारत जोड़ो यात्रा पर ही बना रहा। पार्टी के एक वरिष्ठ

नेता कहते हैं अगर राहुल गांधी चुनावों में जाते और चुनावी रैलियों में शिरकत करते तो यह मान लिया जाता कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पूरी तरीके से राजनैतिक है। कांग्रेस के नेताओं और भारत जोड़ो यात्रा की रणनीति बनाने वालों में शामिल एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि पार्टी और वरिष्ठ नेता यह नहीं चाहते थे कि भारत जोड़ो यात्रा जब खत्म हो तो वह भी मकसद साबित हो।

## संक्षिप्त सार

**नेताजी की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज..**

सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग वाली जनहित याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। कोर्ट ने याचिका को जनहित याचिका का उपहास करार दिया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के फैसले सरकार की नीति का हिस्सा हैं।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि नेताजी की सेवाओं को मान्यता देने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि वे कड़ी मेहनत करें, क्योंकि उन्होंने भारत की आजादी के लिए कड़ी मेहनत की थी। पीठ ने कहा कि अदालत सरकार से कोई विशेष निर्णय लेने के लिए नहीं कह सकती, क्योंकि यह मुद्दा कार्यपालिका के नीति निर्माण के दायरे में आता है।

पीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाना है या नहीं, यह सरकार की नीति का मामला है।

## रवींद्र जडेजा ने पत्नी रिवाबा के लिए मांगे वोट

गुजरात विधानसभा चुनाव अपनी ही ननद के सामने जोरशोर से चुनावी मैदान में उतरीं रीवाबा जडेजा के लिए पति रविंद्र जडेजा ने रविवार को जामनगर के लोगों से उनकी पत्नी को वोट देने की अपील की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रीवाबा को जामनगर (उत्तर) सीट से उतारा है।

पत्नी को वोट देने की अपील

रविंद्र जडेजा ने एक वीडियो ट्वीट कर जामनगर के लोगों और क्रिकेट प्रशंसकों से उनकी पत्नी को वोट देने की अपील की। साथ ही कहा कि गुजरात चुनाव यहां है और यह एक टी 20 मैच की तरह है। मेरी पत्नी भाजपा के टिकट पर राजनीति में अपनी पहली शुरुआत कर रही है! कल वह अपना नामांकन दाखिल करेगी। मैं जामनगर के लोगों और सभी क्रिकेट प्रेमियों से बड़ी संख्या में आने की अपील करता हूं और उसका समर्थन करें।

रवींद्र जडेजा की बहन भी इसी सीट से मैदान में

भाजपा ने जामनगर नॉर्थ के मौजूदा विधायक धर्मेंद्र सिंह जडेजा को हटाकर रीवाबा जडेजा को टिकट दिया है। वहीं दूसरी ओर रवींद्र जडेजा की बहन नयनाबा एक स्थानीय कांग्रेस नेता हैं और हाल ही में उन्हें विपक्षी दल की राज्य महिला शाखा में सचिव नियुक्त किया गया था। अपनी भाभी पर ननद नयनाबा ने निशाना साधते हुए कहा कि वह (रीवाबा जडेजा) एक सेलिब्रिटी हैं। मुझे नहीं लगता कि उनकी उम्मीदवारी से भाजपा को यह सीट जीतने में मदद मिलेगी। लोग ऐसे नेता चाहते हैं जो उनका काम करे और संकट में उनके साथ खड़ा हो। लोग ऐसे नेताओं को पसंद करते हैं जो उनके फोन उठाते हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें (रीवाबा को) ज्यादा वोट मिलेंगे, क्योंकि वह एक सेलिब्रिटी हैं। लोग जानते हैं कि मशहूर हस्तियां लोगों का काम नहीं करती हैं।

भाजपा ने गुजरात चुनाव के लिए 167 उम्मीदवारों के नाम जारी किए

वहीं रविवार को भाजपा ने आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए एक और उम्मीदवार की घोषणा की। अब तक पार्टी ने गुजरात चुनाव के लिए 167 उम्मीदवारों के नाम जारी किए हैं। इससे पहले शनिवार को बीजेपी ने छह उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की थी। छह उम्मीदवारों की दूसरी सूची में भाजपा ने दो महिलाओं को टिकट दिया है। इसमें धोराजी से महेंद्रभाई पडलिया, खंभालिया से मुलुभाई बेरा, कुटियाना से ढेलीबेन मालदेभाई ओदेदरा, भावनगर पूर्व से सेजल राजीव कुमार पांड्या, देदियापाड़ा (एसटी) से हितेश देवजी वसावा और चोरयासी से संदीप देसाई को मैदान में उतारा गया है।

## डिंपल के लिए अच्छे नहीं रहे हैं मैनपुरी में इन चुनौतियों से पाना होगा पार उपचुनाव

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने आज मैनपुरी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। यहां पांच दिसंबर को उपचुनाव होने हैं। ये सीट सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई है। 1996 से इस सीट पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। पांच बार खुद मुलायसिंह यहां से सांसद चुने गए। इसके अलावा मुलायम परिवार के ही तेज प्रताप सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव एक–एक बार यहां से जीत चुके हैं। दो बार सपा के टिकट पर ही बलराम सिंह यादव ने यहां से चुनाव जीता था। अभी तक भाजपा व अन्य दलों ने अपने उम्मीदवारों का एलान नहीं किया है। सवाल ये है कि डिंपल यादव के लिए इस चुनाव में क्या चुनौती होगी? अब तक डिंपल का राजनीतिक परफॉरमेंस कैसा रहा है? सपा ने मुलायम की राजनीतिक विरासत को बचाए रखने के लिए क्या तैयारी की है? भाजपा डिंपल के घेरने के लिए क्या कर

रही है? आइए समझते हैं....

पहले मैनपुरी लोकसभा सीट के बारे में जान लीजिए मैनपुरी में अभी करीब 17 लाख वोटर्स हैं। इनमें 9.70 लाख पुरुष और 7.80 लाख महिलाएं हैं। 2019 में इस सीट पर 58.5: लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मुलायम सिंह यादव को कुल 5,24,926 वोट मिले थे, जबकि दूसरे नंबर पर रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रेम सिंह शाक्य के खाते में 4,30,537 मत पड़े थे। मुलायम को 94,389 मतों के अंतर से जीत मिली थी। जातीय समीकरण की बात करें तो ये सीट पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की बहुलता वाली सीट है। यहां सबसे ज्यादा यादव मतदाता हैं। इनकी संख्या करीब 3.5 लाख है। शाक्य, ठाकुर और जाटव मतदाता भी अच्छी संख्या में हैं। इनमें करीब एक लाख 60 हजार शाक्य, एक लाख 50 हजार ठाकुर, एक लाख 40 हजार जाटव, एक लाख 20 हजार ब्राह्मण, एक लाख लोधी राजपूतों के वोट हैं। वैश्य और मुस्लिम मतदाता भी एक लाख के करीब हैं। कुर्मी मतदाता भी एक लाख से ज्यादा हैं। मैनपुरी लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटें आती हैं। इनमें चार सीटें– मैनपुरी, भोगांव, किशनी और करहल मैनपुरी जिले की हैं। इसके साथ ही इटावा जिले की जसवंतनगर विधानसभा सीट भी इस लोकसभा सीट का हिस्सा है। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में मैनपुरी जिले की दो सीटों पर भाजपा, जबकि दो पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी।

## पीएम ने मांगे मन की बात के लिए सुझाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बहुचर्चित मन की बात कार्यक्रम के आगामी संस्करण के लिए देश के लोगों से विचार व सुझाव मांगे हैं। इस कार्यक्रम का अगला एपिसोड 27 नवंबर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित किया जाएगा। संदेश को रिकॉर्ड करने के लिए MyGov नमो ऐप या डॉयल 1800–11–7800 पर विचारों को साझा किया जा सकता है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा रविवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। यह कार्यक्रम हर माह के अंतिम रविवार को रेडियो पर प्रसारित किया जाता है। मॉयगव (डलळवअ) पर आमंत्रण को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया– मैं इस महीने के MannKiBaat के लिए आपके व्यावहारिक विचारों और सुझावों को प्राप्त करने के लिए उत्सुक हूं, जो 27 तारीख को प्रसारित होगा। सुझाव MyGov, नमो ऐप पर साझा करें या 1800 डॉयल करके अपना संदेश रिकॉर्ड करें।पीएम मोदी ने 30 अक्टूबर को मन की बात के 94वें संस्करण को संबोधित किया था। उन्होंने इसमें पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने और प्रकृति के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भारतीय समाज में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता हमारे समाज के कण–कण में समाई हुई है और हम इसे अपने चारों तरफ महसूस कर सकते हैं। देश में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जो पर्यावरण की सुरक्षा में अपना जीवन व्यतीत करते हैं।मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक मासिक रेडियो प्रसारण है। इसमें वे ऑल इंडिया रेडियो, टेलीविजन के डीडी नेशनल और डीडी न्यूज चौनल पर देश के लोगों को संबोधित करते हैं।

## सेवा कर्म करते हुए मनाया जन्मदिन

14 नवंबर प्रयागराज, जनहित संघर्ष समिति के युवा अध्यक्ष एवं समाजसेवी अभिलाष क्रांति ने बाल दिवस एवं अपने जन्मदिवस के अवसर पर दिव्यांग, नेत्रहीन, कुष्ठ रोगी, एवं असहाय, बच्चों को फल, केक, भोजन, खिलौना आदि का वितरण कुष्ठ रोग आश्रम संगम एवं आजाद पार्क नेत्र हीन बच्चों के विद्यालय में वितरण किया इस अवसर पर राजेश केसरवानी, सचिन गुप्ता सुमित केसरवानी आदि उपस्थित रहे

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शिक्षण संस्थान पात्र छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को 15 नवम्बर के अन्दर प्रत्येक दशा में ऑनलाइन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री इन्द्रसेन सरोज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि वर्ष 2022–23 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन–लाइन किये गये आवेदन पत्रों को शिक्षण संस्थाओं द्वारा अग्रसारित किये जाने की अन्तिम तिथि शासन द्वारा दिनांक 15 नवम्बर, 2022 निर्धारित की गयी है। उन्होंने जनपद के शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया है कि पात्र छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्रों को दिनांक 15 नवम्बर, 2022 के अन्दर प्रत्येक दशा में ऑनलाइन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। यदि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर शिक्षण संस्थाओं द्वारा पात्र छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्रों को अग्रसारित नहीं किया जाता है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बंधित शिक्षण संस्थानों की होगी।

## एसपीओ टीम के सदस्यों ने की नैनी थाना प्रभारी से मुलाकात

नैनी,प्रयागराज रविवार को आज विशेष पुलिस अधिकारी एवं पुलिस मित्र के प्रभारी अभय राज सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक नैनी बृजेश सिंह, एसएसआई अजय सिंह,चौकी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह से मुलाकात की।प्रभारी ने एसपीओ और पुलिस मित्र के बारे में जानकारी दी। कि एसपीओ टीम को पिछले दो दशकों से चला रहा हूं।जिसकी देखभाल में स्वयं कर रहा हूं।पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नैनी थाना अंतर्गत पिछले कई वर्षों से चल रहा है। औपचारिक मुलाकात में उपस्थित लोगों में उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली ,संगठन सचिव रविंद्र सिंह,मीडिया प्रभारी विरेन्द्र कुमार पटेल,सेल मीडिया प्रभारी संदीप विश्वकर्मा ,घनश्याम जायसवाल,सीनियर एरिया इन्चार्ज राम जी जायसवाल ,एरिया इंचार्ज संजीव वर्मा,राजीव वर्मा,धर्मराज पटेल,प्रेमचंद्र,रमेश केसरवानी, दिनेश केसरवानी, प्रदीप कुमार,सुशील शर्मा, दीपक केसरवानी,उमाशंकर चौरसिया,दीपक चौरसिया राजू साहनी, अजय सिंह, अकाश सिंह,धीरज मिश्रा, अमित सिंह, पंकज मलिक, राकेश सोनकर,आदि मौजूद रहें।

## बाइक से घर लौट रहे युवक की सिर में गोली मारकर हत्या

कुशीनगर जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के सिसवा नाहर बाजार से घर लौट रहे एक युवक की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद बाइक सवार दोनों बदमाश बिहार की तरफ भाग निकले।

जानकारी के मुताबिक, अहिरौलीदान निवासी रामधारी गोंड के पुत्र वीरसागर गोंड (35) सिसवा नाहर बाजार से शाम को घर लौट रहे थे। तकरीबन छह बजे खैरटिया गांव के समीप पहले से घात लगाए बाइक सवार दो बदमाशों ने वीरसागर के सिर में गोली मार दी। इससे वीरसागर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की सहायता से घायल युवक को तमकुहीराज सीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।


विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक
और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# रबी गोष्ठी में शामिल हुए सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेती में अत्याधुनिक तकनीकी का प्रयोग व प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। इस परिप्रेक्ष्य में हमें गो आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। यह जीरो बजट खेती है और इसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। प्राकृतिक खेती में तकनीकी से उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। थोड़ी जागरूकता व सावधानी से प्राकृतिक खेती के जरिये कम लागत में अधिक उत्पादकता प्राप्त कर किसान आमदनी बढ़ा सकते हैं। परंपरागत खेती को आधुनिक तरीके से करने के साथ किसानों को बागवानी, सब्जी व सह फसली खेती की ओर अग्रसर होना होगा इससे उनकी अधिक से अधिक आमदनी हो सकेगी।

सीएम योगी सोमवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़ व देवीपाटन मंडल की रबी उत्पादता समीक्षा गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है। खेती–किसानी यहां आमदनी का एक बड़ा जरिया है। देश की सबसे अच्छी उर्वर भूमि और सबसे अच्छा जल संसाधन उत्तर प्रदेश में है। यहां की भूमि की उर्वरता व जल संसाधन की ही देन है कि देश की कुल कृषि योग्य भूमि का 12 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद देश के खाद्यान्न उत्पादन में अकेले उत्तर प्रदेश का योगदान 20 प्रतिशत का है। इसे अभी तीन गुना तक बढ़ाए जाने की संभावना है।

सीएम योगी ने कहा कि समय पर अच्छी गुणवत्ता का बीज तथा तकनीकी का प्रयोग कर हमें कम लागत में अधिक उत्पादकता बढ़ाने में सफलता मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी यही मंशा है कि खेती की लागत को कम करते हुए उत्पादकता बढ़ाई जाए ताकि किसानों की आमदनी दोगुनी हो सके। इसके लिए व्यापक कार्यक्रम व अभियान भी चलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल उत्पादन में रबी का सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इसमें भी मुख्य फसल गेहूं की होती है। गेहूं उत्पादन के मामले में उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर एक पर है। हर जिले में कृषि विज्ञान केंद्रों से परामर्श, समय पर बीज व पानी की व्यवस्था कर सरकार किसानों की भरपूर मदद कर रही है। किसानों के हित में पहली बार फसल बीमा योजना शुरू की गई। कोरोना काल में भी किसानों ने दुनिया को निराश नहीं किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई साल के कोरोना काल में सिर्फ कृषि सेक्टर की उत्पादकता बढ़ी। किसानों ने दुनिया को निराश नहीं होने दिया। खेतों में अन्न पैदा होता रहा तो गरीबों को मुफ्त में राशन लेने की दुनिया की सबसे बड़ी स्कीम अपने देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई गई। देश में 80 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को प्रतिमाह मुफ्त में दो बार राशन दिया गया। सरकार ने भी किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी देने के साथ ही यह सुनिश्चित किया कि महामारी के चलते किसी के भी रोजगार पर असर न पड़े और न ही किसी को खाने के लाले पड़ें। जनकल्याणकारी सरकार का यही कार्य भी होता है।

21 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पर मिली सिंचाई की सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले 5 सालों में हर सेक्टर में कुछ न कुछ नया हुआ है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से पिछले पांच साल में प्रदेश में 21 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पर सिंचाई की सुविधा मिली है। सरयू नहर परियोजना से पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौ जिलों में अतिरिक्त भूमि पर सिंचाई सुनिश्चित हुई है। हर जिले में व्यापक स्तर पर नलकूप की स्कीम चलाने के साथ सिंचाई की सुविधा को बढ़ाने के लिए पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में सोलर पंप लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

1.80 लाख करोड़ रुपये का हुआ गन्ना मूल्य भुगतान

सीएम योगी ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान भी सरकार ने सभी चीनी मिलों का संचालन किया। किसानों को 1.80 लाख करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया। एक बार फिर चीनी मिलों में पेराई सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। सरकार ने पिपराइच व मुंडेरवा में चीनी मिलों को चलाकर गन्ना किसानों के हित में बड़ी पहल की है।

अब तक हो चुकी तीन लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त संख्या में धान क्रय केंद्र खोले जाएं ताकि अन्नदाता आसानी से अपनी उपज बेच सकें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक तीन लाख मैट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। धान, बाजरा, मक्का सभी फसलों का क्रय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करते हुए किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि यथाशीघ्र उनके बैंक खातों में अंतरित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है।

सीएम योगी के नेतृत्व में 5 सालों से उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन में सर्वप्रथमरू कृषि मंत्री

रबी उत्पादकता समीक्षा गोष्ठी में प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन में पिछले 5 सालों से देश में सर्वप्रथम है देश में 32 प्रतिशत गेहूं का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में हो रहा है। खेती की गुणवत्ता के लिए अधिक मात्रा में खाद के प्रयोग से बचने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अच्छे बीज, समय पर बुवाई व तकनीकी के कारगर प्रयोग से किसान उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार सभी ब्लॉकों में 50 फीसद अनुदान पर बीज उपलब्ध करा रही है। पिछले 5 साल में अनुदानित बीज की मात्रा 4.5 लाख कुंतल से बढ़ाकर 7.5 कुंतल कर दी गई है। इसके साथ ही सरकार दलहन व तिलहन के चार लाख मिनी किट किसानों में वितरित कर चुकी है। पराली जलाने की समस्या का जिक्र करते हुए कृषि मंत्री ने बताया कि पंजाब की तुलना में उत्तर प्रदेश में पराली जलाने के मामले न्यूनतम हैं। किसानों के हित में प्रदेश सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 450 करोड़ों रुपए का अनुदान कृषि यंत्रों पर दिया गया है। पिछले 5 साल में 27000 सोलर पंप लगाए गए हैं। रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान से गन्ने की खेती का रकबा 22 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 27 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। दुनिया में प्राकृतिक कृषि उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए सभी जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मोटे अनाजों के उत्पादन के लिए 2.5 लाख किसानों को करेंगे प्रोत्साहित

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दुनिया के 70 देशों ने एक स्वर में वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। पीएम मोदी के प्रयासों से ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा आदि मोटे अनाजों को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान मिलने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के अनुरूप प्रदेश सरकार 2.5 लाख किसानों को मोटे अनाजों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करेगी। कृषि मंत्री ने अनुरोध किया कि सांसद रवि किशन शुक्ला मोटे अनाजों के ब्रांड एंबेसडर बनें।

कृषि क्षेत्र सीएम योगी की विशेष प्राथमिकता का विषयरू कृषि राज्यमंत्री

कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख ने कहा कि कृषि क्षेत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशेष प्राथमिकता का विषय है। पिछले 5 साल में कृषि क्षेत्र की तरक्की उनकी प्राथमिकता की ही देन है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी–चौगुनी करने की दिशा में काम कर रही है।

किसानों के लिए अनगिनत योजनाएं चला रही केंद्र व प्रदेश सरकाररू सांसद रविकिशन

गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हित में अनगिनत योजनाएं चला रही है। उन्होंने कई योजनाओं का उल्लेख करने के साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार मुख्यमंत्री बनते ही प्रदेश के किसानों का 32000 करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। पहले जहां यूरिया के नाम पर लाठी चलती थी वहीं अब यूरिया की सहज उपलब्धता है। तिलहन–दलहन से आमदनी बढ़ा सकते हैं किसानरू कृषि उत्पादन आयुक्त

कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने रबी उत्पादकता गोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश में प्रति वर्ष एक लाख करोड़ रुपये के खाद्य तेल और 30 हजार करोड़ रुपये के दलहन का आयात होता है। किसान भाई तिलहन व दलहन की खेती से अपनी आमदनी बढ़ाने के साथ आयात पर निर्भरता भी कम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि देश के खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 600 लाख टन का है। इसमें 400 लाख टन खाद्यान्न का उत्पादन रबी में होता है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में धान क्रय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 90 फीसद किसान एक माह में ही अपना खाद्यान्न बेच देते हैं। इसे देखते हुए पर्याप्त संख्या में क्रय केंद्र स्थापित कर यह व्यवस्था की जा रही है कि किसानों का धान केंद्रों पर कुछ घण्टे में ही क्रय कर लिया जाए। इस अवसर पर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद, उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, विधायकगण विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, श्रीराम चौहान, महेंद्र पाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, डॉ विमलेश पासवान आदि मौजूद रहे। आभार ज्ञापन अपर मुख्य सचिव (कृषि) देवेश चतुर्वेदी ने किया।

मुख्यमंत्री ने कृषि योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल परिसर में लगाई गई कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में कृषि, उद्यान आदि विभागों की तरफ से प्राकृतिक खेती, तकनीकी, कृषि यंत्रों व विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए कई स्टाल लगाए गए थे। मुख्यमंत्री ने कृषि योजनाओं के लाभार्थियों को मंच पर सम्मानित भी किया।

## मधुमेह बीमारी छीन रही आंखों की रोशनी

मधुमेह (डायबिटीज) की वजह से लोगों की आंखों की रोशनी जा रही है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में हर माह 25 से 30 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं, जिनकी आंखों की रोशनी मधुमेह की वजह से जा रही है। हालांकि, सही समय पर मेडिकल कॉलेज पहुंचने वाले 60 फीसदी मरीजों की रोशनी बचाई जा रही है। लेकिन, इलाज में देरी होने से हर माह 25 से 30 मरीज आंखों की रोशनी गवां रहे हैं। इस बीमारी को डायबिटिक रेटिनोथेरेपी (आंखों के पर्दे कमजोर हो जाना) कहा जाता है। विशेषज्ञों की सलाह है कि मधुमेह के मरीज समय–समय पर आंखों की जांच जरूर कराएं।इ बीआरडी मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रामकुमार जायसवाल ने बताया कि मधुमेह की वजह से मरीजों में डायबिटिक रेटिनोथेरेपी का खतरा बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ सालों में इस बीमारी के मरीज तेजी से बढ़े हैं। मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन 15 से 20 मरीज इस बीमारी से ग्रसित होकर इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें 50 फीसदी मरीजों को तो सही समय पर इलाज मिल जा रहा है, लेकिन 50 फीसदी मरीज देरी से पहुंच रहे हैं।

## बाल दिवस पर मैक्स चिल्ड्रेन हास्पिटल में छोटे बच्चों का हुआ चित्र में रंग भरो प्रतियोगिता



प्रयागराज – बाल दिवस के अवसर पर करैली के मैक्स चिल्ड्रेन हास्पिटल में छोटे छोटे बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनका उत्साहवर्धन करने को चित्र में रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ३वर्ष से ८वर्ष के दो दर्जन से अधिक बच्चों ने भाग लिया। डाक्टर काशिफ सिद्दीकी वा डॉक्टर हरदीप कौर के नेतृत्व में नाज हास्पिटल वा मैक्स चिल्ड्रेन हास्पिटल में गत दिनों जन्मे बच्चों का मुफ्त परिक्षण और परिजनों को बच्चों की देख भाल बेहतर ढ़ंग से करने का परिक्षण देने के साथ ३ वर्ष से ८ वर्षों के बच्चों के बीच चित्र में रंग भरो प्रतियोगिता कराई गई।जिसमें प्रथम स्थान पर आई नबीला ४वर्ष द्वितीय स्थान पर आई हेरत फात्मा ५वर्ष वा तृतिय स्थान पर ४वर्षीय नबील को डाक्टरों ने समाजसेवियों के हाथों उपहार भेंट कर सम्मानित करने के साथ सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ० नाज फात्मा ,डॉ०काशिफ सिद्दीकी ,डॉ०हरदीप कौर ,डॉ०जमशेद अली ,डॉ०अभिषेक कनौजिया ,नाज हास्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव ,आई हास्पिटल के मैनेजर सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,रामिश रहमान ,मो०अलताफ रजा ,अजमल ,अर्शीया ,समाजसेवी सैय्यद अब्बास हुसैन एडवोकेट ,रोहित कुमार पाण्डेय एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## बाल शिक्षा निकेतन स्कूल में बाल दिवस चाचा नेहरू का जन्मदिन छात्र छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर बालसभा कर जन्मदिन धूमधाम से मनाया

बाल शिक्षा निकेतन स्कूल चकिया प्रयागराज में छात्र छात्राओं ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर , बालसभा कर जन्म दिन धूमधाम से मनाया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सूबेदार कारगिल युद्ध विजेता श्यामसुंदर सिंह पटेल वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे ,अध्यक्षता प्रबंधक ओम प्रकाश गुप्ता, संचालन प्रधानाचार्य श्रीमती छाया रानी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ भारत माता की जय, चाचा नेहरू अमर रहे के उदघोष से हुआ तत्पश्चात बच्चों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि ,प्रबंधक,प्रधानाचार्य व शिक्षिकाओं आदि ने किया जो बहुत ही सराहनीय रहा इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी सामिल रहे प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण ,सौर ऊर्जा ,वर्षा जल संरक्षण, ग्रामीण व शहरी परिवेश ,सूर्य व ग्रहण चंद्र ग्रहण की गतिविधियां आदि लगभग 50 तरह के उपकरण बनाए जो लोगों को आकर्षित किया व जानकारी दिया जिससे लोगों को इनके उपयोग की प्रेरणा मिली जिसकी सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा किया तत्पश्चात बालसभा का आयोजन किया जिसमें सरस्वती वंदना, कविता पाठ,ज्ञान विज्ञान पर चर्चा हुई जिसमें छात्र वैष्णवी, उज्जवल केसरवानी ,आयुषी, इशिका ,शिवम साहू ,अंश, तहरीम नाज, सायना बानो, मानसी पाल, राज यादव ,प्राची ,सिमरन, नाजरीन, आरजू ,समर आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुति से माहौल को मनोहरी व रोचक बनाया जिसका लोगों ने आनंद उठाया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्याम सुंदर सिंह पटेल ने प्रदर्शनी की प्रशंसा कर बच्चों को अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं दिया आयोजकों व शिक्षिकाओं की योग्यता व इस प्रकार के रचनात्मक ज्ञान बच्चों को देकर उनका भविष्य उज्ज्वल बना रही है जो राष्ट्र निर्माण में सहायक होगा इसके लिए वे बधाई की पात्र हैं कह कर प्रशंसा कर उन्हें शुभकामनाएं दी आगे कहा कि हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को स्वतंत्र कराने व देश के विकास व इसे ऊंचाइयों पर ले जाने मैं अपना सारा जीवन लगा दिया उनका सारा जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित था बच्चों से उन्हें बहुत प्यार था बच्चे उन्हें चाचा नेहरू करते थे इसीलिए उनका जन्मदिन बालदिवस के रूप में मनाया जाता है हम उन्हें शत–शत नमन करते हैं और उनके जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं उनके आदर्शों को हम सब अपने जीवन में उतारे यही उनके जन्मदिन मनाने की सार्थकता होगी जिस पर लोगों ने तालियां बजाकर खुशी जाहिर किया अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश गुप्ता ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएं शिल्पा, रूपाली, शिक्षा, अंजलि, समीरा ,सुल्ताना ,शबनम ,मंत्रासा, रोहित आदि का योगदान सराहनीय रहा कार्यक्रम लगभग 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया अंत में राष्ट्रगान, भारत माता की जय ,चाचा नेहरू अमर रहे आदि नारों के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

## पान की खेती में बोर्डो मिश्रण का करें प्रयोग वीके सिंह

औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज में चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत डॉ अतुल यादव वैज्ञानिक नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज फैजाबाद द्वारा पान की खेती करने वाले कृषकों को पान बरेजा निर्माण करने की जानकारी देते हुए बताया कि पान खाने से लगभग 17 तरह की लाभ होते हैं इनमें मस्तिष्क पीड़ा रतौंधी हृदय विकार बच्चों की सर्दी आदि प्रमुख हैं प्रशिक्षण प्रभारी वीके सिंह द्वारा पान की खेती में लगने वाले रोग बीमारियों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि पान के बरेजो में आर्द्रता अधिक होने के कारण रोग बीमारियों का प्रकोप अधिक होता है पान की फसल में प्रमुख रोग पात्र गलन एंथ्रेक्नोज पान की गंधाली आदि प्रमुख ऐसे रोग हैं जो फफूंदी के द्वारा फैलते हैं इनके नियंत्रण के लिए बोर्डो मिश्रण का प्रयोग लाभकारी होता है श्री सिंह द्वारा बोर्डो मिश्रण के तैयार करने की जानकारी देते हुए बताया कि नीला थोथा और चूना के सहयोग से इस फफूंदी नाशक दवा को किसान अपने घर पर आसानी से तैयार कर सकते हैं इसके प्रयोग करने से पान में लगने वाले प्रमुख रोगों से बचाव भी आसानी से किया जा सकता है उपरोक्त के अलावा औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र के पौध ाशला प्रभारी बच्चा सिंह एवं प्रदीप कुमार तथा अंकित मौर्या द्वारा भी किसानों को औद्यानिक फसलों की जानकारी दी गई प्रशिक्षण कार्यक्रम में जौनपुर वाराणसी आजमगढ़ आदि के कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया

## अवकाश प्राप्त रेलवे कर्मचारी हितकारी समिति की बैठक 15 नवंबर को

अवकाश प्राप्त रेलवे कर्मचारी हितकारी समित प्रयागराज के तत्वावधान में रेलवे पेंशनर्स की मासिक बैठक 15 नवम्बर 22 , मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक बंगला नंबर 10 लोको कॉलोनी ,नवाब युसूफ रोड सिविल लाइंस, प्रयागराज में होगी जिसमें संस्था के पदाधिकारी व सदस्यगण , रेलवे पेंशनर्स भाई–बहन सभी सादर आमंत्रित है कृपया समय से पहुंचकर बैठक को सफल बनाएं बैठक की अध्यक्षता श्री राजबली शर्मा व संयोजन श्री सुरजीत सिंह,श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव,रामलाल पटेल आदि करेंगे बैठक में पेंशनर्स के कल्याण संबंधी विषयों पर चर्चाएं होंगी व प्रस्ताव पारित कर कार्य योजना बनाई जाएगी ,जिसमें पुरानी पेंशन बहाली ,पेंशनर्स दिवस 17 दिसंबर को धूम धाम से मनाया जाय आदि विषय प्रमुख होंगे

## डा. लाल जी यादव का चयन प्रधानाचार्य में होने पर बुद्धिजीवियों ने दी बधाई

प्रयागराज 14 नवम्बर, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा घोषित किए गए प्रधानाचार्य भर्ती 2013 के परिणाम में कर्नलगंज इंटर कॉलेज प्रयागराज के उप प्रधानाचार्य डॉ .लालजी यादव का चयन प्रधानाचार्य पद पर जिला पंचायत इंटर कॉलेज मेजा प्रयागराज के लिए हुआ। डॉ. लालजी यादव ने अपनी उच्च शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। वर्ष 2015 में उत्कृष्ट शिक्षण शैली के लिए राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी भारत द्वारा इन्हें बेस्ट साइंस टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा विज्ञान लोकप्रिय करण के लिए इन्हें वर्ष 2019 में प्रयागराज जनपद का जिला विज्ञान क्लब समन्वयक नियुक्त किया गया। दूरदर्शन उत्तर प्रदेश पर प्रसारित किए गए उत्कृष्ट शैक्षिक वीडियो के लिए वर्ष 2020 में माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। प्रोफेसर महेश चंद्र चट्टोपाध्याय, डॉ. संतोष शुक्ला, प्रोफेसर ज्ञान प्रकाश, जे.एन. यादव दावा के अध्यक्ष एडवोकेट आईपी रामबृज प्रधानाचार्य अजय कुमार तथा अन्य लोगों ने डॉ. लाल जी यादव को चयन के लिए बधाई दी है।

## असहाय दिव्यांग एवं वृद्धजनों को कंबल वितरण 18 नवंबर को

14 नवंबर प्रयागराज, ओम जागृति सेवा संस्थान प्रयागराज की एक आवश्यक बैठक मुट्ठीगंज कार्यालय में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष नीरज केसरवानी ने करते हुए कहा कि 18 नवंबर को शाम 5रू00 बजे मुट्ठीगंज छोटे चौराहे के निकट गाजी गंज मार्ग पर असहाय दिव्यांग एवं वृद्ध जनों के लिए कंबल वितरण का कार्यक्रम 18 नवंबर को शाम 5:00 बजे आयोजित किया जाएगा बैठक का संचालन पारसनाथ केसरवानी ने किया बैठक में प्रमुख रूप से राजेश केसरवानी ,राजू जायसवाल ,रामजी गुप्ता, धर्मेंद्र केसरवानी, किशनचंद्र जायसवाल, जगदीश जग्गा, सुनील केसरवानी ,पप्पू कटरा, बजरंगी लाल ,सुनील कुमार, पप्पू लैया, सुभाष केसरवानी, पीयूष केसरवानी, ओम प्रकाश, ज्ञान केसरवानी, मन्नू जायसवाल, अजय अग्रहरि आदि रहे

## बाल दिवस के अवसर पर नोडल अधिकारी श्रीमती निशा झा की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

माननीय जनपद न्यायधीशअध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद श्री संतोष राय के निर्देशानुसार सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर शिवपुरी कॉलोनी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन नोडल अधिकारी श्रीमती निशा झा एडीजे की अध्यक्षता में किया गया। नोडल अधिकारी श्रीमती निशा झा द्वारा शिविर में उपस्थित बच्चों को बाल दिवस की महत्वता के बारे में बताया गया तथा उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद डॉक्टर लकी के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शिक्षा के अधिकार व अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया। अपर सिविल जज सीनियर डिविजन श्रीमान मानस वत्स द्वारा बच्चों को खेलकूद के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर अधिकारीगणों द्वारा बच्चों को किताब, कॉपी व स्टेशनरी से संबंधित सामान व अन्य वस्तुएं वितरित की गई। शिविर में श्री नितिन श्रीवास्तव, श्री शिशिर कुमार, श्री किशन थापा कर्मचारी गण तथा अमलेश्वर पांडे, श्री आशुतोष कुमार, श्री पार्थ शुक्ला, श्री आदित्य राय, सुश्री दीप्ति द्विवेदी, सुश्री सौम्या सिंह पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार इलाहाबाद डॉक्टर लकी द्वारा प्रदान की गई।

## महावीर इंटर कॉलेज राजरूपुर में छात्रा/छात्र बाल दिवस के शुभ अवसर पर दुकान लगाते हुए जेजे न्यूज संजय यादव

## सम्पादकीय

## हमको भूकंप नहीं हमारी हरकतें और मकान मारते हैं

भूकंप के झटकों ने उत्तराखण्ड से लेकर दिल्ली तक को दहला दिया है। लोगों को बड़े भूचालों का डर सताने लगा है, जबकि भूचाल कभी किसी को नहीं मारता है। हमको मारते वह भवन हैं जिसे हम अपने आश्रय के लिए या सुरक्षित रहने के लिए बनाते हैं। फिर भी जो मकान मारक साबित होते हैं हम उसके लिए विलाप करते हैं और सारा दोष भूकंप पर डाल देते हैं। अगर हम प्रकृति के साथ जीना सीख लें तो क्या भूचाल या क्या बाढ़? हमें कोई भी आपदा नहीं मार सकती। छोटे भूकंप अधिक खतरनाक साबित हुए भूकंप, बाढ़, हिमस्खलन, भूस्खलन या आकाशीय बिजली गिरने जैसी घटनाएं प्राकृतिक होती हैं और प्रकृति के नियमों के अनुसार होती रहती हैं। इन प्राकृतिक घटनाओं को हम अपनी लापरवाही और अज्ञान के कारण आपदा बनाते हैं। 30 सितंबर 1993 को महाराष्ट्र के लातूर क्षेत्र में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, इसमें लगभग 10 हजार लोग मारे जाते हैं। 30 हजार से अधिक लोगों के घायल होने के साथ ही 1.4 लाख लोग बेघर हो जाते हैं। जबकि 28 मार्च 1999 को चमोली में लातूर से भी तेज 6.8 मैग्नीट्यूट का भूकंप आता है तो उसमें केवल 103 लोगों की जानें जाती हैं और 50 हजार मकान क्षति ग्रस्त होते हैं। 20 अक्तूबर 1991 के उत्तरकाशी के 6.6 परिमाण के भूकंप में 786 लोग मारे जाते हैं और 42 हजार मकान क्षतिग्रस्त होते हैं। इसी तरह जब 26 जनवरी 2001 को गुजरात के भुज में रिक्टर पैमान पर 7.7 परिमाण का भूकंप आता है तो उसमें कम से कम 20 हजार लोग मारे जाते हैं और 1.67 लाख लोग घायल होने के साथ ही 4 लाख लोग बेघर हो जाते हैं। 11 मार्च 2011 को जापान के टोहोकू क्षेत्र में रिक्टर पैमाने पर 9.00 अंक परिमाण का प्रलयकारी भूचाल आने के साथ ही विनाशकारी सुनामी भी आबादी क्षेत्र को ताबाह कर जाती है, फिर भी वहां केवल 15,891 लोग मारे जाते हैं। इस दुहरी विनाशलीला के साथ तीसरा संकट परमाणु संयंत्रों के क्षतिग्रस्त होने से विकीर्ण का भी था। अगर ऐसा तिहरा संकट भारत जैसे देश में आता तो करोड़ों लोग जान गंवा बैठते। 25 अप्रैल 2015 नेपाल में 7.8 परिमाण का भूकंप आता है जिसमें लगभग 9 हजार लोग मारे जाते हैं और 21 हजार से अधिक घायल हो जाते हैं। वहां सबसे अधिक तबाही काठमांडू में हुई, क्योंकि देश की राजधानी होने के नाते वहां आबादी ज्यादा घनी और इमारतें भी औसतन ज्यादा और विशलकाय हैं। जापान के लोग सीख गए भूकंपों के साथ जीना अगर आप जापान में भूकंपों का इतिहास टटोलें तो वहां बड़े से बड़े भूचाल भी मानवीय हौसले को डिगा नहीं पाए। जापान में 26 नवम्बर सन् 84 (जूलियन कैलेंडर) से लेकर अब तक रिक्टर पैमाने पर 7 अंक से लेकर 9 परिमाण तक के दर्जनों भूचाल आ चुके हैं। आपदा प्रबंधकों के अनुसार इस परिमाण के भूकंप काफी विनाशकारी होते हैं। खासकर रिक्टर पैमाने पर 8 या उससे बड़े परिमाण के भूकंपों को भयंकर और 9 तथा उससे अधिक के भूचालों को तो प्रलयंकारी माना ही जाता है, फिर भी जपान में जनहानि बहुत कम होती है। सन् 1952 से लेकर अब तक जापान में रिक्टर पैमाने पर 7 से लेकर 9 परिमाण तक के 31 बड़े भूचाल आ चुके हैं। इसके अलावा 4 या उससे कम परिमाण के भूकंप तो वहां लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं। इन भूकंपों में से टोहोकू के भूकंप और सुनामी के अलावा वहां कोई बड़ी मानवीय त्रासदी नहीं हुई। वहां 25 दिसंबर 2003 को होक्कैडो में 8.3 परिमाण का भयंकर भूचाल आया फिर भी उसमें मरने वालों की संख्या केवल एक थी। इतने बड़े परिमाणों वाले 7 भूकंप ऐसे थे जिनमें एक भी जान नहीं गई। जाहिर है कि जापान के लोग भूकंप ही नहीं बल्कि प्रकृति के कोपों के साथ जीना सीख गए हैं। वहां के लोगों ने प्रकृति को अपने हिसाब से ढालने का दुस्साहस करने के बजाय स्वयं को प्रकृति के अनुसार ढाल दिया है। भूकंप का सर्वाधिक खतरा घनी आबादी को भूकंप की संवेदनशीलता के अनुसार भारत को 5 जोनों में बांटा गया है। इनमें सर्वाधिक संवेदनशील जोन 'पांच' माना जाता है जिसमें सिंधु से लेकर ब्रह्मपुत्र का सम्पूर्ण भारतीय हिमालय क्षेत्र है। वैसे देखा जाए तो अफगानिस्तान से लेकर भूटान तक का संपूर्ण हिमालयी क्षेत्र भारतीय उप महाद्वीप के उत्तर में यूरेशियन प्लेट के टकराने से भूगर्वीय हलचलों के कारण संवेदनशील है। इनके अलावा रन आफ कछ भी इसी जोन में शामिल है। लेकिन इतिहास बताता है कि भूचालों से जितना नुकसान कम संवेदनशील 'जोन चार' में होता है, उतना जोन पांच में नहीं होता, क्योंकि जोन पांच वाले हिमालयी क्षेत्र में जनसंख्या का घनत्व बहुत कम है,

# ग्रह के सबसे असाधारण वैश्विक यात्री

जलचर पक्षियों को हम सभी ने अक्सर जलाशयों के किनारे देखा होगा और चूंकि ये अक्सर किनारो पर ही पाए जाते है इसलिए इन्हे शोरबर्ड्स या वेडर्स के नाम से जाना जाता है। शोरबर्ड या वेडर्स

काडरिफोर्म्स क्रम के छोटे से मध्यम आकार के पक्षी हैं जो अक्सर तटरेखा और आर्द्रभूमि से जुड़े होते हैं। शोरबर्ड पक्षियों के एक विविध समूह हैं, जिसमें सैंडपाइपर, प्लोवर, एवोकेट, ऑयस्टरकैचर और फालारोप्स जैसे शोरबर्ड्स शामिल हैं। अधिकांश शोरबर्ड पानी के पास पाए जाते हैं, लेकिन कई प्रजातियां किनारे से दूर निवास करना भी पसंद करते हैं। कई प्रजातियां लंबी दूरी की प्रवासी हैं, जो हर साल आर्कटिक टुंड्रा में प्रजनन के मैदान से दक्षिणी दक्षिण अमेरिका में गैर–प्रजनन मैदानों की यात्रा करती हैं।

दुनिया में शोरबर्ड की लगभग 200 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं और ये अक्सर रेतीले समुद्र तटों, गीली मिटटी, या चट्टानी तटों से लेकर मीठे पानी के आर्द्रभूमि, घास के मैदानों, जुताई वाले खेतों और बाढ़ वाली कृषि भूमि में पाए जाते हैं।

शोरबर्ड्स मुख्य रूप से मोलस्क, छोटे क्रस्टेशियंस और समुद्री कीड़ो को खा कर अपना गुजर बसर करते हैं। अधिकांश प्रजातियां मिट्टी या उजागर मिट्टी से निकाले गए छोटे अकशेरुकी जीवों को खाती हैं और इसलिए इनकी चोंच का आकर लम्बा होता है जिससे ये आसानी से मिटटी या पानी में दबे हुए कीड़ो को निकलने में सक्षम होते है। इधर कई नाविकों के पास चोंच के अंत में संवेदनशील तंत्रिका होते हैं जो उन्हें कीचड़ में छिपे शिकार की वस्तुओं का पता लगाने में सक्षम बनाते हैंद्य शहरी क्षेत्रों में कुछ वैडर आम हैं, जो अक्सर पार्क और गोल्फ कोर्स जैसे स्थानों पर पाए जाते हैं जिनमें झीलें या तालाब शामिल हैं जो इन्हे उपयुक्त आवास प्रदान करते हैं। इस समूह में लंबे पैरों वाले पक्षी जैसे सारस और बगुले शामिल हैं। अनोखे ट्रैवेलर्स

कई वैडर प्रजातियां प्रवासी हैं, जो कई हजारों किलोमीटर की यात्रा करती हैं। जैसे जैसे उनकी वर्तमान जलवायु कठोर और चुनौतीपूर्ण हो जाती है वे हजारों मील की यात्रा करते हुए, आगे की और बढ़ चलते हैं। वे उन जगहों पर चले जाते हैं जहां की जलवायु उनके लिए अधिक सौम्य और कम तनावपूर्ण होती है। उदाहरण के लिए, जून में आर्कटिक प्रजनन मैदान 24 घंटे सूरज की रोशनी प्रदान करते हैं। दिन के उजाले के दोगुने घंटे होने से शोरबर्ड्स को ऊर्जा को खिलाने और स्टोर करने के लिए बहुत अधिक समय मिलता है। इसीलिए शायद प्रवास से पहले कई पक्षी ज्यादा खाना खाते है ताकि उनके शरीर पर वासा की एक मोटी परत बन जाये जो प्रवास के दौरान उन्हें समय समय पर ऊर्जा प्रदान करने में सक्षम हो जिससे उनकी यात्रा निरंतर चलती रहे द्य

क्या बनाता है इन्हें आकर्षक?

उड़ने में सक्षम होना बहुत से लोगों का सपना होता है, और उड़ान में हजारों किलोमीटर की यात्रा करने में सक्षम होना सच में बहुत अद्भुत है। जब शोरबर्ड्स का एक झुंड अपनी यात्रा के अगले चरण में उड़ान भरता है, तो देखें कि वे कैसे ऊपर की ओर चक्कर लगाते हैं जिसमे कुछ एक विशाल तीर की तरह आगे बढ़ने से पहले आकाश में एक सुंदर ष्घीष् फॉर्मेशन भी बनाते है। शोरबर्ड की अन्य विशेष विशेषताओं में उनके चिकना डिजाइन, भोजन के लिए विशेष चोंच और विशेषज्ञ शिकार कौशल शामिल हैं।

प्रवासी पक्षियों के बीच शोरबर्ड निर्विवाद रूप से मैराथन चौंपियन हैं। शोरबर्ड की लगभग 20 प्रजातियों को 5,000 किलोमीटर, या 3,100 मील . से अधिक लंबी नॉनस्टॉप उड़ानें बनाते हुए दर्ज किया गया हैद्य इस समूह का सबसे छोटा सदस्य सैंडपाइपर है, जिसके छोटे वयस्क का वजन लगभग 15.5 ग्राम तक होता है और केवल 13 सेमी के होते है।

माना जाता है कि सबसे बड़ी प्रजाति सुदूर पूर्वी कर्लेव है, जिसका वजन लगभग 900 ग्राम है और इसका माप लगभग 65 सेमी हैय हालांकि समुद्र तट मोटा–घुटा हुआ, लगभग 1 किलो वजनी है। पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) और शोरबर्ड शोरबर्ड तटीय खाद्य जाले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, क्योंकि वे अकशेरूकीय के प्रमुख उपभोक्ता हैं। विभिन्न कारकों के कारण लंबी अवधि में शोरबर्ड समृद्धि और बहुतायत में कमी आ सकती है, जैसे निवास स्थान के नुकसान का संयोजन, उच्च ज्वार पर पहुंच में कमी और बख्तरबंद समुद्र तटों पर शिकार की उपलब्धता में कमी। चूंकि समुद्री पक्षी आर्द्रभूमि पर निर्भर होते हैं, वे आर्द्रभूमि के स्वास्थ्य के अच्छे संकेतक होते हैं। एक संकेतक प्रजाति का स्वास्थ्य जीवविज्ञानियों को उस आवास का उपयोग करने या बनाने वाले अन्य प्राणियों के स्वास्थ्य के बारे में काफी कुछ बताता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी समुद्री पक्षी की जनसंख्या में कोई परिवर्तन होता है, तो संभवतः उन कीड़ों की जनसंख्या पर भी प्रभाव पड़ता है जिन पर वह भोजन के लिए निर्भर होते हैद्य शोरबर्ड शुष्क भूमि के निकटतम ज्वारीय क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भर हैं, जो अक्सर विकास के कारन विलुप्त से होते जा रहे है ।

कहीं देर न हो जाए

आर्द्रभूमि तेजी से गायब हो रही है क्योंकि ये खेती, आवास, औद्योगिक और तटीय विकास के लिए लगातार विकसित की जा रही है जिससे वेटलैंड्स और अन्य जलाशय मानो खतम से हो गए हैं। जैसे–जैसे भूमि पर आबादी के द्वारा अधिक मांग बढ़ती जा रही है वैसे वैसे वन्य जीवो जका गुजर बसर भी संकट में आता जा रहा है क्यूंकि शायद इनपर किसी का ध्यान ही नहीं है। कई क्षेत्र जो कभी समुद्री तटों के लिए निवास स्थान थे, अब अनुपयुक्त हैं। शोरबर्ड पूरे गोलार्ध में निवास स्थान पर विश्वास करते हैं, जिसका अर्थ है कि शोरबर्ड संरक्षण के लिए काफी प्रयासों की आवश्यकता है।

# पंडित जी को देहरादून से था खास लगाव

आधुनिक भारत के शिल्पी पंडित जवाहर लाल नेहरू का कद छोटा दिखाने के लिए कोई चाहे कितना भी गड़े हुए मुर्दे उखाड़े, मगर नेहरू का कद छोटा होने वाला नहीं है। कम से कम पहाड़वासियों और खास कर देहरादून वासियों के दिलों में नेहरू की यादें दफन होने वाली नहीं हैं, क्योंकि नेहरू का पहाड़ों से प्रेम जगजाहिर था। देहरादून तथा यहां की जेल तो नेहरू के लिए घर जैसे ही थे। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम चार दिन देहरादून में ही बिताए थे। अपनी आत्मकथा में उन्होंने इसका जिक्र भी किया है। उन्होंने सर्वाधिक दिन अल्मोड़ा जेल में बिताए थे। देहरादून में ही नेहरू ने अपने कालजयी ग्रन्थों के अंश लिखे। नेहरू ने इसी देहरादून से राजनीति के क्षेत्र में सबसे पहले बड़ी छलांग भी लगाई थी। नेहरू ही क्यों उनके पिता मोतीलाल नेहरू और मसूरी से जुड़े किस्से पुराकथाएं बनीं। उनकी बेटी और नाती और उनके बच्चों की स्कूलिंग भी इसी देहरादून में हुई।

देहरादून से लगाई राजनीति की छलांग

नेहरू जी ने राजनीति की पहली लम्बी छलांग देहरादून से ही लगाई थी। दरअसल सन् 1920 में जब देहरादून में कांग्रेस ने राजनीतिक सम्मेलन आयोजित किया तो उसकी अध्यक्षता जवाहर लाल नेहरू ने ही की थी। बिलायत से लौटने के बाद उनका यह पहला राजनीतिक कार्यक्रम था। इस सम्मेलन में लाला लाजपत राय और किचलू जैसे बड़े नेता शामिल हुए थे।

सन् 1922 में भी देहरादून में एक राजनीतिक सम्मेलन आयोजित हुआ और उसकी अध्यक्षता भी पंडित नेहरू ने ही की थी। उस सम्मेलन में सरदार बल्लभ भाई पटेल और चितरंजन दास जैसे बड़े नेताओं ने भाग लिया था। देहरादून और यहां की जेल नेहरू के लिये घर जैसे ही थे। एक बार जब अफगान प्रतिनिधि मण्डल देहरादून पहुंचा तो नेहरू को जिला छोड़ने का आदेश हुआ, क्योंकि जिस चार्लविले होटल में नेहरू ठहरे थे, उसी मेंअफगान प्रतिनिधि मण्डल को भी ठहराया गया था। देसी रियासतों में लोकतांत्रिक आन्दोलनों के लिए कांग्रेस द्वारा गठित ''आल इंडिया स्टेट्स पीपुल्स कान्फ्रेस'' के पहले अध्यक्ष नेहरू ही थे और उनके बाद पट्टाभि सीतारमैया अध्यक्ष बने थे। टिहरी सहित हिमाचल के सभी प्रजामण्डल इसी संगठन से सम्बद्ध थे।

उत्तराखण्डियों की सांस्कृतिक पहचान के हिमायती थे नेहरू

